आनंदालय
सामयिक परीक्षा-2
कक्षा-छठी

विषय:हिंदी | अधिकतम अंक:50
दिनांक:21/09/2024 | निर्धारित समय:2 घंटे

सामान्य निर्देश :-
1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल आठ प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

हमारे जीवन में अभ्यास का महत्त्वपूर्ण स्थान है । कहा जाता है कि निरंतर अभ्यास करने से एक मंदबुद्धि व्यक्ति भी ज्ञानी बन जाता है । कोई भी कार्य बार- बार करने पर हम उसमें आनेवाली अनेक प्रकार की बाधाओं का सामना करते हैं । इन बाधाओं को अलग-अलग तरह से दूर करने के उपाय ढूँढते-ढूँढते हम उस कार्य को भली-भाँति पूर्ण करने में दक्षता प्राप्त कर लेते हैं । अभ्यास से हमारी कार्यकुशलता में निखार आ जाता है । हम उस काम को आत्मविश्वास के साथ संपन्न कर सकते हैं । इस प्रकार कठिन से कठिन कार्य हम बिना घबराए और आसानी के साथ कर लेते हैं । इतना ही नहीं, कार्य की दक्षता प्राप्त करने पर जो आत्मविश्वास हमें मिलता है, उसके कारण कभी-कभी हम असंभव कार्य को भी संभव कर लेते हैं । कहते हैं कि एकलव्य ने बिना गुरु के भी, केवल अथक अभ्यास द्वारा ही धनुर्विद्या का इतना ज्ञान प्राप्त कर लिया कि स्वयं द्रोणाचार्य उसे अपने प्रिय शिष्य अर्जुन का प्रतिद्वंदी समझने लगे । अतः अभ्यास करने से कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए ।

(i) मंदबुद्धि व्यक्ति ज्ञानी कब बनता है ? (1)

(क) गुरु प्राप्तकर | (ख) कठिन काम कर
(ग) बिना घबराए काम कर | (घ) निरंतर अभ्यास कर

(ii) अर्जुन का प्रतिद्वंदी कौन था ? (1)

(क) एकलव्य | (ख) द्रोणाचार्य
(ग) दोनों | (ग) इनमें से कोई नहीं

(iii) बार-बार कार्य करते समय किसका सामना करना पड़ता है ? (1)

(क) बाधाओं का | (ख) अभ्यास का
(ग) आत्मविश्वास का | (घ) दक्षता का

(iv) हम किसी भी कार्य में दक्षता कब हासिल कर लेते हैं ? (2)

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोए थे
सोचा था पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे
रुपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी
और, फूल फलकर मैं मोटा सेठ बनूँगा !
पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा
बंध्या मिटटी ने न एक भी पैसा उगला
सपने जाने कहाँ मिटे कब धूल हो गए ।
मैं अबोध था, मैंने गलत बीज बोए थे ।

(i) कवि ने छुटपन में क्या बोया था ? (1)

(क) बीज (ख) पैसे
(ग) पौधे (घ) लताएँ

(ii) कवि क्या चाहते थे ? (1)

(क) सफल होना (ख) कलदार फसलें उगाना
(ग) पौधे उगाना (घ) अमीर बनना

(iii) 'बंध्या ' शब्द का अर्थ है (1)

(क) बंजर (ख) सूखी
(ग) उपजाऊ (घ) गीली

(iv) कवि के सपने 'धूल' क्यों हो गए ? (2)

## खंड - 'ख'

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x12=12)

(i) उसका बेटा <u>विदुषी</u> है। (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखिए ।)
(ii) आकाश में काले <u>बादल</u> छाए हैं । (रेखांकित शब्द का वचन भेद लिखिए ।)
(iii) 'चारू चंद्र की चंचल किरणें ' (पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए ।)
(iv) बच्चों की मदद के लिए बहुत लोग आए । (विशेषण शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए ।)
(v) गंगा और यमुना (समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए ।)
(vi) पंचवटी (समास विग्रह कर भेद का नाम लिखिए ।)
(vii) 'साहित्यिक' (शब्द में प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए ।)
(viii) 'अभि ' (उपसर्ग से दो शब्दों का निर्माण कीजिए ।)
(ix) पुस्तक + आलय (शब्द की संधि कर उसका भेद लिखिए ।)
(x) चैन की बंसी बजाना (मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।)
(xi) आदर्श विद्यार्थी का व्यवहार <u>अनुकरण के योग्य</u> होता है ।
(रेखांकित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए ।)
(xii) 'जब जब मनुष्य ने क्रांति का झंडा लहराया उसने नया समाज बनाया '
(उपयुक्त स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए ।)

4. पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

जाओ रानी याद रखेंगे हम कृतज्ञ भारतवासी
यह तेरा बलिदान जगावेगा स्वतंत्रता अविनाशी
होवे चुप इतिहास, लगे सच्चाई को चाहे फाँसी,
हो मदमाती विजय, मिटा दे गोलों से चाहे झाँसी
तेरा स्मारक तू ही रहेगी

तू खुद अमिट निशानी थी
बुंदेले हर बोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसीवाली रानी थी

(i) भारतवासी कृतज्ञ क्यों हैं ?

(क) क्योंकि रानी ने भारतवासियों को प्रेरित किया

(ख) क्योंकि रानी स्वतंत्रता के लिए लड़ी

(ग) क और ख दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'मदमाती विजय' किसको मिली ?

(क) लक्ष्मी बाई को (ख) नाना साहेब को

(ग) बहादुर शाह को (घ) अंग्रेज़ों को

(iii) 'तेरा स्मारक तू ही रहेगी' का अर्थ है -

(क) लक्ष्मी बाई का नाम भारतवासियों के हृदय में अंकित है

(ख) अंग्रेज़ लक्ष्मीबाई का स्मारक बनाएँगे

(ग) लक्ष्मीबाई की वीरता का स्मारक झाँसी में बनेगा

(घ) लक्ष्मीबाई की मृतदेह उसका स्मारक है

(iv) लक्ष्मीबाई को 'मर्दानी' कहा गया है क्योंकि-

(क) वह मर्दों के बीच लड़ी थी (ख) उसकी सेना में सभी मर्द थे

(ग) वह वीरतापूर्वक लड़ी थी (घ) वह मर्दों के खिलाफ़ लड़ी थी

5. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

अब राजप्पा को कोई नहीं पूछता । आजकल सब-के-सब नागराजन को घेरे रहते । 'नागराजन घमंडी हो गया है', राजप्पा सारे लड़कों में कहता फिरता । पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते ! नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था । वह लड़कों को दिखाया करता । सुबह पहली घंटी के बजने तक सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते । आधी छुट्टी के वक्त भी उसके आसपास लड़कों का जमघट लगा रहता । कई लोग टोलियों में उसके घर तक हो आए । नागराजन शांतिपूर्वक सभी को अपना अलबम दिखाता, पर किसी को हाथ नहीं लगाने देता । अलबम को गोद में रख लेता और एक-एक पन्ना पलटता, लड़के बस देखकर खुश होते ।

(i) सभी बच्चे नागराजन को दिनभर क्यों घेरे रहते थे?

(क) उसका अलबम देखने (ख) उसके दोस्त बनने

(ग) उसकी तारीफ़ करने (घ) उससे अलबम माँगन

(ii) कौन घमंडी हो गया था ?

(क) राजप्पा (ख) मामा

(ग) नागराजन (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iii) नागराजन के मामा जी ने किस वस्तु का अलबम भिजवाया था?

(क) सिंगापुर की तस्वीरों का  (ख) दुनिया के देशों के नक्शों का

(ग) सभी देशों के सिक्कों का  (घ) डाक टिकटों का

(iv) नागराजन अलबम को कहाँ रखता?

(क) गोद में  (ख) अलमारी में

(ग) स्कूल के बस्ते में  (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(v) 'राजप्पा को कोई नहीं पूछता' का अर्थ है

(क) कोई उसका हाल-चाल नहीं पूछता

(ख) सभी उसे छोड़ नागराजन का अल्बम देखने में व्यस्त रहते हैं

(ग) सभी उसे घमंडी समझते हैं

(घ) नागराजन ने राजप्प्पा को बिना पूछे उसका अलबम ले लिया

6. निम्नलिखित चार में से **किन्ही तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) केशव और श्यामा के मन में अंडों को लेकर क्या जिज्ञासा उठती और वे उसका समाधान कैसे करते थे ? यदि आपके मन में कोई जिज्ञासा उठे तो आप उसका समाधान करने किसके पास जाएँगे, लिखिए ।

(ii) राजप्पा और नागराजन के टिकट-अलबम में क्या फ़र्क है ? आप अपना शौक पूरा करने के लिए कौन-से प्रयत्न करते हैं ?

(iii) 'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें' नामक कविता में बालिका चाँद को देखकर कौन-सी कल्पना करती है ?

(iv) 'ऐसे-ऐसे' एकांकी में मोहन की माँ उसके लिए अत्यधिक चिंतित दिखाई देती हैं ? क्या उनकी चिंता उचित थी ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

## खंड - 'घ'

7. विद्यालय समय पर आने के महत्त्व पर बातचीत करते दो विद्यार्थियों के मध्य हुए संवाद को लगभग 80 शब्दों में लिखिए । (1x5=5)

अथवा

विद्यालय में गणवेश पहनने के महत्त्व पर बातचीत करते हुए अध्यापक और छात्रा के बीच हुए संवाद को लगभग 80 शब्दों में लिखिए ।

8. 'इन्द्रधनुष' छतरी बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने के लिए 40 से 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । (1x5=5)

अथवा

'खिलाड़ी' हॉकी स्टिक बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने के लिए 40 से 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।